### एक नजर में



### महिला ने चलती बस में दिया बच्चे को जन्म

**छतरपुर, 5 जनवरी.** जिले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत उजागर करने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. चंद्रनगर क्षेत्र की रहने वाली एक गर्भवती महिला को समय पर 108 जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस नहीं मिल सकी, जिसके चलते उसे मजबूरी में यात्री बस से जिला अस्पताल छतरपुर ले जाया जा रहा था. रास्ते में महिला को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और हालात ऐसे बन गए कि चलती बस में ही डिलीवरी करानी पड़ी. बताया जा रहा है कि परिजनों ने एंबुलेंस के लिए कई बार कॉल किया, लेकिन मदद नहीं मिल सकी. बस में मौजूद महिला यात्रियों और परिजनों की सहायता से महिला ने बस के अंदर ही एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया. डिलीवरी के बाद बस चालक ने तुरंत महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जच्चा-बच्चा को निगरानी में लिया. फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है. इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है.

### स्कूल में साइंस एग्जीबिशन फन फेयर का आयोजन



**हरपालपुर, 5 जनवरी.** फोस्टर किड्स पब्लिक स्कूल में साइंस एग्जीबिशन फन फेयर का आयोजन किया गया इस आयो जन मे बच्चो ने अपने फन का हुनर दिलाया विभिनन0 बनाकरप अपनी कला बनारसी से रिचा कश्यप प मनीष शुक्ला सप्त व्रत आगे बढ़ाना है उसके लिए जरूरी टिप्स दिए,आगंतुक त किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बनारसी से रिचा कश्यप पूर्व प्राचार्य आर्मी फोस्टर किड्स पब्लिक स्कूल में साइंस एग्जीबिशन फन फेयर का आयोजन किया गया इस आयो जन पर ससथागत बच्चो ने अपने फन का हुनर दिखलाया बचबचो द्वारा विभिन्न मॉडल बनाकर अपनी कला बनारसी से रिचा कश्यप प मनीष शुक्ला सप्त व्रत आगे बढ़ाना है उसके लिए जरूरी टिप्स दिए,आगंतुक त किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बनारसी से रिचा कश्यप पूर्व प्राचार्य आर्मी स्कूल झांसी मेघाकश्यप एवं मनीष शुक्ला सप्त व्रत बैसवाल सफैकल्टी कृष्णमूर्ति फाऊंडेशन इंडिया वाराणसी ग्वालियर ने यहां पर विभिन्न उन्हें किस प्रकार आगे बढ़ाना है उसके लिए जरूरी टिप्स अथितियों ने क्रम से बच्चों के द्वारा बनाये गए विभिन्न मॉडल की समीक्षा कर बच्चों से उनके द्वारा बनाये गए मॉडल की जानकारी भी ली,इसके साथ ही अतिथियों ने बच्चों के द्वारा किये गए प्रयास की सराहना की, और स्कूल के संचालक संतोष वर्मा एवं स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति चावला वर्की तारीफ भी की और सलाह दी कि आप आंगे भी ऐसे आयोजन करते बच्चों औरभिभावकों नचाट और र आनंद लिया। झांसी मेघाकश्यप एवं मनीषफोस्टर किड्स पब्लिक स्कूल में साइंस एग्जीबिशन फन फेयर का आयोजन किया गय जिसमे बच्चो बच्चो नै कला का लोहा मनवाया ,न । इस अवसर व से ऋचा कश्यप मनीष शुक्ल टिप्स मौकै पर उपस्थित मुख्य अतिथि मेंबनार्श् पूर्व प्राचार्य आर्मी स्कूल झांसी मेघाकश्यप एवं मनीष शुक्ला सप्त व्रत बैसवाल सफैकल्टी कृष्णमूर्ति फाऊंडेशन इंडिया वाराणसी ग्वालियर ने यह विभिन्न उन्हें किस प्रकार आगे बढ़ाना है उसके लिए जरूरी टिप्स दैकर अथितियों ने क्रम से बच्चों के द्वारा बनाये गए विभिन्न मॉडल समीक्षा की बच्चों के लिए ऐसै आयोजन? पर फैकल्टी की? कृष्णमूर्ति फाऊंडेशन इंडिया की सराहना की ।

### सत्री बने संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह अध्यक्ष

**सीहोर.** अजा बाहुल्य वार्ड क्र. 11, डॉ. अम्बेडकर नगर स्थित संत् शिरोमणि रविदास मंदिर पर जाटव समाज की बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सत्री जाटव पुत्र को सर्व सम्मति से संत् शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का भारी समर्थन से अध्यक्ष बनाया गया.समाज जनों द्वारा सत्री जाटव का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया.इस अवसर परडॉ.अनीस खान, मनोहर मंगरोलिया,नरेन्द्र खंगराले, धर्मप्रकाश आर्य, एसके फरेला, आरती खंगराले, पन्नालाल खंगराले, मनोहर मंगरोलिया, अवधनारायण महोबिया, शुभम कचनेरिया आदि उपस्थित थे.

### ब्लॉक कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका

**सीहोर.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं विधानसभा प्रभारी दिनेश मेघानी के नेतृत्व में इंदौर में मलमूत्र मिला पानी पीकर 16 लोगों की मौत और हजारों निवासियों के बीमार हो जाने के विरोध में स्थानीय लिसा टॉकीज चौराहे पर घंटा सरकार और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया. इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, नईम नवाब ,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र वर्मा,रमेश गुप्ता, राकेश वर्मा प्रीतम दयाल चौरसिया,योगेंद्र राय,सीताराम भारती,, राम प्रकाश चौधरी, मजीद अंसारी,नरेंद्र खंगराले, मुनव्वर मामू,अरुण राय,भगत सिंह तोमर,केके रिछारिया, राजकुमार तुलसी राठौर, हर्षदीप राठौर, मुकेश ठाकुर, आसिफ अंसारी, तौसीफ सहिद, दीपक सोनकर,विनीत गोयल,मनीष मेवाड़ा,महमूद भाई डॉ नरेंद्र यादव, दौलत यादव, राधेश्याम यादव, ओम सोनी आदि शामिल थे.

# छात्रावास में गार्ड की दबंगई का वीडियो वायरल

## छात्रों ने लगाए शराब पीकर ड्यूटी करने के आरोप

▶ छात्रावास से कई साइकल चोरी, सीईओ ने दिए जांच के निर्देश

**छतरपुर, 5 जनवरी. जिले की गणेश कॉलोनी स्थित ओबीसी छात्रावास में पदस्थ एक गार्ड का छात्रों से विवाद और अभद्र भाषा में बातचीत करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. वीडियो बीती रात का बताया जा रहा है, जिसमें गार्ड छात्रों से उलझता और गाली-गलौज करता नजर आ रहा है.**



छात्रावास में रह रहे छात्रों का आरोप है कि संबंधित गार्ड अक्सर नशे की हालत में ड्यूटी पर आता है और परिसर के भीतर ही शराब का सेवन करता है. नशे की स्थिति में वह छात्रों से आए दिन विवाद करता है, जिससे छात्रावास का माहौल बिगड़ रहा है. रविवार रात छात्रावास परिसर से साइकिल चोरी की घटना के बाद गार्ड और छात्रों के बीच कहासुनी बढ़ गई. इसी दौरान छात्रों ने गार्ड का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. छात्रों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी छात्रावास परिसर से लगभग 12 छात्रों की साइकिलें चोरी हो चुकी हैं, जिनका अब तक कोई पता नहीं चल सका है. इस पूरे मामले पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने वायरल वीडियो के आधार पर जांच कराने की बात कही है. उन्होंने कहा कि जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित गार्ड के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. वहीं, छात्रों ने मांग की है कि नशे की हालत में ड्यूटी करने वाले गार्ड को तत्काल हटाया जाए और छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों.

### दिग्विजय का चयन सही नहीं : डॉ. तोमर

**सीहोर.** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के दो दिवसीय इछावर दौरे को लेकर अब पार्टी के भीतर से ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं. कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने दिग्विजय सिंह के रात रुकने के स्थान के चयन पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक नुकसानदेह बताया है. पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने कहा कि पूर्व सीएम दिग्विजय सिंहखेरी गांव में रुके थे, लेकिन उनका चयन गलत था. उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस का मुख्य आधार स्तंभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसं यक वर्ग है. तोमर के अनुसार हमें इन वर्गों के बीच रुकना चाहिए था. दिग्विजय सिंह के इन वर्ग के यहां न रुकने से इन समाज के लोगों में एक गलत संदेश गया है. मैं नहीं मानता कि उनके इस कदम से क्षेत्र में कांग्रेस को कोई मजबूती मिलेगी.



### महोई खुर्द और प्राथमिक शाला में नहीं बन रहा मैन्यू अनुसार मध्यान






▶ छात्र-छात्राओं ने मध्यान भोजन की खोली पोल

**चंदला, 5 जनवरी. गौरीहार बी आर सी अंतर्गत ग्राम महोई खुर्द के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं ने मध्यान भोजन की पोल खोल दी है.**

माध्यमिक शाला में प्रकाश स्वसहायता समूह तथा प्राथमिक में सोनम स्वसहायता समूह के माध्यम से मध्यान भोजन महोई खुर्द में बनाया जा रहा है। स्कूल पर उपस्थित छात्र ने बताया कि मैन्यू के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है. सब्जी और दाल में अधिक पानी मिलाते हैं, आलू ढूंढने पर नहीं मिलते है, खाना खाने के बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है, खाना खाना हमारी मजबूरी है, अगर नहीं खाते हैं तो बनाना ही बंद कर देंगे बोलेंगे बच्चे खाते ही नहीं है, इस तरह की धमकी दी जाती है, और हम लोगों को थाली धोना पड़ती हैं, खाना खाने के पहले और बाद में भी थाली धुलना पड़ती है. प्राथमिक स्कूल पर लगभग 35 बच्चे परमानेंट उपस्थित रहते है, इतने ही लगभग माध्यमिक में भी उपस्थित रहते है.

> आपके द्वारा जानकारी दी गई है, कल चेकिंग करवाते है,इसके उपरांत कार्यवाही की जाएगी.
> **- अमरनाथ व्यास**
> वीआरसी गौरीहार

# नवजात शिशु का शव पाने के लिए सड़क पर बैठे दंपत्ति

▶ अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

**सीहोर 5 जनवरी. सोमवार की शाम जिला अस्पताल के सामने एक दंपत्ति अपने बच्चों के साथ बीच सड़क पर बैठ गए. उनका कहना था कि अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उसकी नवजात शिशु बालिका की मौत हो गई है.**

इसके अलावा वह अब उसे बच्ची का शव देने से भी मना कर रहे हैं. लगभग 50 मिनट तक अस्पताल के गेट पर हंगामा होता रहा. घटनाक्रम ने एक बार फिर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवालिया निशान लगा दिया है. सोमवार की शाम लगभग 5 बजे जिला अस्पताल के सामने एक पति- पत्नी बच्चों के साथ सड़क पर आकर बैठ गए. उन्हें सड़क पर बैठा देखकर लोगों ने उनसे पूछताछ की तो उनका कहना था कि अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर वह रोष जताने सड़क पर बैठे हैं. जिले की भैरूंदा तहसील के निवासी संतोष जाट ने बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी को भैरूंदा के अस्पताल से 29 दिसंबर को सीहोर रेफर किया गया था. गत दो जनवरी की देर रात उसकी पत्नी की डिलेवरी हुई. संतोष का कहना है कि डिलेवरी के दौरान मेटरनिटी वार्ड में कोई जिम्मेदार लेडी डॉक्टर मौजूद नहीं होने के कारण उसकी पत्नी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. संतोष जाट का कहना है कि उसकी पत्नी ने नवजात बालिका को जन्म दिया.


# बागेश्वर धाम में आस्था का महासंगम

**द्वितीय हनुमान चालीसा हवन में जुड़े 3 लाख से अधिक भक्त**

**श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन व प्रत्यक्ष दी आहुतियां**

**छतरपुर, 5 जनवरी. स्थित बागेश्वर धाम में रविवार रात द्वितीय हनुमान चालीसा हवन का भव्य आयोजन किया गया.**

कष्ट निवारण के उद्देश्य से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में देश-विदेश से तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की. बागेश्वर महाराज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल के जरिए 2 लाख 67 हजार से अधिक भक्त लाइव जुड़े, जबकि करीब 40 हजार श्रद्धालुओं ने बागेश्वर धाम परिसर में उपस्थित होकर हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं. पूरा परिसर जय हनुमान के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा. यह हवन घर-परिवार की बाधाओं, नकारात्मक ऊर्जा, कर्ज, बुरे स्वप्न और जीवन की विभिन्न परेशानियों से मुक्ति के संकल्प के साथ संपन्न हुआ. इस दौरान पंचमुखी हनुमान स्तोत्रम का विधिवत पाठ किया गया. श्रद्धालुओं ने सुख-शांति, समृद्धि और मानसिक शांति की कामना की. आयोजकों के अनुसार, प्रथम हनुमान चालीसा हवन जहां घरों में सकारात्मक ऊर्जा के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, वहीं द्वितीय हवन में समाज के हर वर्ग बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली.



> हवन को संबोधित करते हुए बागेश्वर महाराज ने इसे संकट और कष्ट निवारण का प्रभावी माध्यम बताया. उन्होंने कहा कि यह आयोजन कम खर्चा, फुल चर्चा का उदाहरण है और कलयुग में भक्ति ही सबसे बड़ा बल है. उन्होंने यज्ञ और हवन की आध्यात्मिक शक्ति पर भी प्रकाश डाला. बागेश्वर महाराज ने यह भी घोषणा की कि तृतीय हनुमान चालीसा हवन आगामी 12 फरवरी को बागेश्वर धाम में आयोजित किया जाएगा, जो विशेष रूप से संन्यासी बाबा की साधना से जुड़े साधकों को समर्पित रहेगा.

# सामुदायिक भवन की दीवारों के आई दरारें



**चंदला, 5 जनवरी. गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपुर के ग्राम रजौरा में 26 लाख रूपये की लागत से हाल ही में रैन हार्वेटिंग सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य मनरेगा मद से कराया गया था, लेकिन लोकार्पण के पहले ही लाखों रूपये के इस सामुदायिक भवन में जगह-जगह दरारें पड़ने लगी हैं.**

इसे लेकर उक्त गांव के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच द्वारा सामुदायिक भवन में ठीक ठाक मटेरियल नहीं लगाया गया है, इसी वजह से दीवार और बॉन्ड्री में जगह जगह अदर आ गई हैं हो सकता की कुछ साल बाद ध्वस्त भी हो सकती हैं इसमें जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, उपयंत्री ने बिना जांच किए क्या घर बैठे मूल्यांकन किया है. ग्रामीण राकेश पटेल तथा अन्य ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच सचिव की मनमानी चल रही है,मानक के अनुसार मेटेरियल नहीं डाला गया है, जिस वजह से बिल्डिंग पर जगह जगह दरारें पड़ गई है, जिसमें देखने पर बड़ी बड़ी दरारें दिखाई दे रही है, इससे साफ है कि काम सही नहीं किया गया है.

> हमारी जानकारी में नहीं है, हम दिखवाते है, जांच करवाते है कार्यवाही की जाएगी.
> **- मधू प्रजापति,** गौरीहार जनपद पंचायत एसडीओ

### पेयजल प्रदाय में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए. बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए. इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पेयजल पाइपलाइन की शुरुआत से लेकर टेल एंड तक विभिन्न स्थानों से नियमित पानी के सैंपल लिए जाएं और जांच रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाए. उन्होंने आगामी महीनों में पानी की आवश्यकता को देखते हुए नलकूपों, बोरवेल अधिग्रहित कर वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए भी कहा. कलेक्टर ने नागरिकों को पानी के मितव्ययी और विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए.

# मोरहा में पीएम आवास के नाम पर 1000 की अवैध वसूली का आरोप




**ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर लगाए गंभीर आरोप**

**छतरपुर, 5 जनवरी. छतरपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरहा में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर ग्रामीणों से 1000-1000 की राशि वसूले जाने का मामला सामने आया है.**

ग्रामीणों का आरोप है कि यह वसूली ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव द्वारा की जा रही है, जिससे गांव में असंतोष और नाराजगी का माहौल बना हुआ है. ग्रामीणों ने मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें पात्र हितग्राहियों से किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जानी चाहिए. इसके बावजूद योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे 1000 की मांग की जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि कई लोगों ने डर और मजबूरी में राशि भी जमा कर दी है, जबकि कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. इस संबंध में ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों का पक्ष सामने नहीं आ पाया है. यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह शासन की योजना की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है.

**शुभारंभ** ▶ अंडरग्राउंड सीवेज निर्माण कार्य का विधायक व नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# नगर की अनेक कालोनियों को मिलेगा सीवेज सिस्टम का लाभ

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 05 जनवरी.** सोमवार सुबह बढ़ियाखेड़ी स्थित लूर्दमाता स्कूल के पास विधायक सुदेश राय और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने संयुक्त रूप से नागरिकों की मांग को पूरा करते हुए अमृत 2 अंतर्गत सीवेज निर्माण कार्य का विधिवत जेसीबी मशीन और भूमि का पूजन कर शुभारंभ किया गया.

विधायक श्री राय ने नपाध्यक्ष श्री राठौर के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारा शहर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित हो रहा है, उनके कार्य सराहनीय है. सीवेज कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों को सड़क पर बहने वाली गंदगी और खस्ताहाल सड़कों से मुक्ति मिलेगी.



इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि मु यमंत्री मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और विधायक श्री राय के द्वारा शहर में इस वर्ष करोड़ों रुपए के कार्य होने जा रहे हैं. नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा. इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत के वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है. तेज रफ्तार से सीवेज कार्य पूर्ण किया जाएगा. बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा. सीवेज का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बढ़ियाखेड़ी में अनेक सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा.

विधायक सुदेश राय ने कहा कि अमृत योजना के तहत बढ़िया खेड़ी, कोली मोहल्ला, पार्टी मोहल्ला सहित विभिन्न कॉलोनी में अंडरग्राउंड सीवेज का निर्माण कर कराया जाएगा.

इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी की घटना के बाद शहर में नगर पालिका अमले के द्वारा जहां पर भी गंदे पानी की सप्लाई आदि की शिकायत मिलेगी, समस्या का समाधान किया जाएगा. सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि पेयजल सप्लाई शाखा की बैठक का आयोजन किया था, इसमें नगर पालिका और पीएचई की टीम ने शहर के क्षेत्र पानी के सैंपल लिए है. इसके अलावा लीकेज आदि की स्थिति पर टीम ध्यान दे रही है.

# कांप उठा बुंदेलखंड : नौगांव में एक डिग्री तापमान

## स्कूल के समय में बदलाव न होने से अभिभावक परेशान

**छतरपुर, 5 जनवरी. जिले का नौगांव सोमवार को प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया. यहां न्यूनतम तापमान गिरकर मात्र 1.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि खजुराहो में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.**

भीषण ठंड के चलते नौगांव सीवियर कोल्ड-डे की स्थिति में है, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया, जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है. उत्तर भारत और हिमालयी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी का सीधा असर अब बुंदेलखंड अंचल में दिखाई दे रहा है. ठंडी उत्तर-पूर्वी हवाओं ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है. रविवार रात नौगांव में न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस था, जो सोमवार सुबह और गिरकर 1.0 डिग्री पर आ गया. दिन में लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है. रविवार को नौगांव का अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से काफी कम है. कड़ाके की सर्दी का सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर देखने को मिल रहा है. इस बार नौगांव ने ठंड के मामले में पचमढ़ी को भी पीछे छोड़ दिया है, जिसे लंबे समय से मध्यप्रदेश का सबसे ठंडा क्षेत्र माना जाता रहा है.

